गृह रक्षी एंव नागरिक सुरक्षा विभाग की वर्ष 2015--16 की वार्षिक प्रशासनिक रिर्पोट की समीक्षा।

1. सयुंक्त प्रशिक्षण संस्थान, पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी की देखरेख में कार्य कर रहा हैं । इस संस्थान, में ड्रिल, फायर फायटिग, रैस्कयू, वार्डन, स्टोर प्रिजरवेशन, यातायात आदि कोर्स चलाये जाते है और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाता है ।

संयुक्त प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षी एंव नागरिक सुरक्षा में आपातकालीन स्थितियों के लिए अस्थाई मोबाईल 12 फुट लम्बा पुल बनाया गया है । इस पुल को टैस्ट किया गया, जिस पर कार को गुजारा गया और परीक्षण सफल रहा । अब इस पुल को बढाकर 25 फुट लम्बे करने का प्रयत्न किया जा रहा है ।

2. यह विभाग कानून एंव व्यवस्था बनाए रखने हेतु जब भी पुलिस विभाग ने जितने भी स्वंय सेवक मांगे हैं, देता रहा हैं । वर्ष 2015--16 के दौरान कानून एंव व्यवस्था बनाये रखने हेतु 4705 गृह रक्षी स्वंय सेवक काल आउट किए गये, जो कि पुलिस की मांग अनुसार थे ।

3. गृह रक्षी के जवानों की अधिकृत संख्या अनुसार पूरी नफरी है सिविलियन राईफल ट्रेनिग स्कीम में प्रशिक्षित करने की कोई निर्धारित संख्या नही है । फिर भी वर्ष 2015--16 में सिविलियन राईफल ट्रेनिग स्कीम के तहत 22699 व्यक्तियों को ट्रेण्ड किया गया।

4. वर्ष 2015--16 के दौरान निम्न अनुसार बजट अलाट किया गया :--

1.	गृह रक्षी	22,68,50,000/--
2.	नागरिक सुरक्षा	2,77,90,000/

इस वर्ष जो बजट अलाट किया गया उसका पूरा उपयोग किया गया और विभाग का कार्य सुचारू रूप से चलाया गया ।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
गृह विभाग